'जॉय ऑफ लिविंग'

में बच्चों को कार्यशैली से कराया रूबरू

एज्यूकेशन को बढ़ावा देने की पहल

यंग रिपोर्टर • इंदौर
editor@peoplessamachar.co.in

अनाथ आश्रम में रहने वाले बच्चे अक्सर शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। ऐसे बच्चों की मदद के लिए साइबर इंफ्रास्ट्रक्चर ने एक नई पहल शुरू की है। 'जॉय ऑफ लिविंग' प्रोग्राम के माध्यम से ऐसे बच्चों को एज्यूकेशन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे भी सामान्य परिवार के बच्चों के समान आगे बढ़ सकें।

• इंदौर। अनाथ आश्रम में रहने वाले बच्चों को कामकाजी दुनिया से रूबरू कराते संस्था पहल के सदस्य।

इस अभियान के अंतर्गत संस्था के सीईओ अभिषेक पारीक ने इस पूरे कार्यक्रम में बच्चों की मेहमाननवाजी करते हुए उनके साथ आनंद के इन पलों को साझा किया। उन्होंने कहा कि किसी अनजान, जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाने से महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। आपका छोटा-सा प्रयास भी उनके जीवन को आनंद से भर सकता है, साथ ही वे बाहरी दुनिया वर्किंग कल्चर से रूबरू हो सकें, जो उनके नॉलेज को बढ़ाता है।